रजिस्ट्री सं० डी-222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 48] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 29, 1969 (अग्रहायण 8, 1891)

No. 48] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 29, 1969 (AGRAHAYANA 8, 1891)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 23 अक्तूबर 1969 तक प्रकाशित किये गये हैं :

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 23rd October 1969 :

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)

—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुँच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं ..	821
भाग I—खंड 2—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1339
भाग I—खंड 3—रक्षा मन्त्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1139
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों सम्बन्धी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (1)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	563
भाग II—खंड 3—उप-खंड (2)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं ..	581
भाग II—खंड 4—रक्षा मन्त्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	59
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1197
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें	431
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं ..	117
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं	701
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	229
पूरक संख्या 48—	
22 नवम्बर 1969 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बन्धी साप्ताहिक रिपोर्ट	2027
1 नवम्बर 1969 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बिमारियों से हुई मृत्यु से सम्बन्धित आंकड़	2041

	Page
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	821
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1339
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Non-statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1139
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	563
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	581
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	59
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1197
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	431
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	117
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	701
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	229
SUPPLEMENT No. 48—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 22nd November 1969 ..	2027
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 1st November 1969 ..	2041

भाग I—खण्ड 1
(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली दिनांक 18 नवम्बर, 1969

सं० 63-प्रेज/69—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति को उनकी अति उत्कृष्ट वीरता के लिए अशोक चक्र प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

कप्तान जस राम सिंह (ई० सी० 53763),
राजपूत

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-30 अक्तूबर 1968)

30/31 अक्तूबर 1968 की रात्रि को यह सूचना मिलने पर कि हल्की मशीन-गनों/राईफलों और स्टेन-गनों से लैस लगभग 50 उपद्रवी मीजो पहाड़ियों के एक गांव की ओर गए हैं, कप्तान जस राम सिंह, जो कि उस क्षेत्र में गश्त पर थे, दो प्लाटूनों के साथ तुरन्त ही उस गांव की ओर चल पड़े। प्रातः के लगभग 4-30 बजे जब वे गांव पहुंचे तो उपद्रवियों ने एक ऊंचे ठिकाने से गश्ती-दल पर दाएं और बाएं ओर से एक साथ गोलाबारी शुरू कर दी। उन्होंने जल्दी से स्थिति को भांपा और स्वयं आक्रमण का नेतृत्व किया तथा उपद्रवियों के ठिकाने को रौंद डाला। इस मुठभेड़ में कप्तान जस राम सिंह ने अति उत्कृष्ट वीरता तथा नेतृत्व का परिचय दिया जिसके फलस्वरूप उपद्रवी बिल्कुल घबरा गए और 2 मृतकों, 6 घायलों तथा बहुत से गोला-बारूद को छोड़कर अपने ठिकानों से भाग खड़े हुए। अन्य तीन उपद्रवियों ने भी उसी दिन आत्मसमर्पण किया।

सं० 64-प्रेज/69—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट वीरता के लिए कीर्ति चक्र प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. कप्तान दिनेश प्रसाद माथुर (ई० सी० 55123),
गार्ड।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-11 जुलाई, 1968)

10 जुलाई 1968 को यह सूचना मिलने पर कि हथियारों से लैस उपद्रवियों का एक गिरोह मीजो पहाड़ियों के एक गांव में है, कप्तान दिनेश प्रसाद माथुर को दो प्लाटूनों के एक दल के साथ उक्त सूचना की छानबीन करने के लिए भेजा गया। रात भर बहुत ही खराब मौसम में चलने के बाद वे दूसरी सुबह उस गांव पहुंचे, तथा खोज करते समय उपद्रवियों ने उनके दल पर गोलाबारी कर दी। उन्होंने फौरन एक प्लाटून को बांईं तरफ से बढ़ने का आदेश दिया और स्वयं एक दल के साथ आगे से आक्रमण किया तथा तीन उपद्रवियों को मार डाला। हालांकि उपद्रवियों ने बार-बार गोलाबारी की फिर भी उन्होंने अपने जवानों को संगठित किया और उपद्रवियों की स्थिति पर धावा बोला जिससे उपद्रवी घबरा गए और बहुत से हथियार, गोला बारूद तथा सामान पीछे छोड़कर भाग खड़े हुए।

इस कार्यवाही में कप्तान दिनेश प्रसाद माथुर ने उत्कृष्ट वीरता तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

2 जे० सी०-17046 सूबेदार ध्यान सिंह,
सिख रजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-3 सितम्बर 1968)

3 सितम्बर 1968 को सूबेदार ध्यान सिंह को एक प्लाटून की कमान सौंप कर विशेष काम पर मीजो पहाड़ियों में एक ऐसे ठिकाने पर छापा मारने के लिए भेजा गया जहां उपद्रवियों के छिपे होने का सन्देह था। रास्ते में दूसरे क्षेत्र में उपद्रवियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर वह सड़क से हटकर एक दूसरे कठिन रास्ते से एक क्षेत्र की तरफ बढ़े तथा पूरी खोज के बाद 5 सितम्बर 1968 को उनको कुछ हथियार उपलब्ध हुए। उन्होंने अपने मूल लक्ष्य की तरफ ऊंचे-नीचे रास्तों पर बढ़ना जारी रखा परन्तु वहां उन्हें कुछ भी न मिला। 11 सितम्बर 1968 को अचानक उसके दल की उपद्रवियों से सामना हो गया। जब उनके दल ने उपद्रवियों का पीछा किया तो उन्होंने बच निकलने के लिए पांच 303 की राइफलें छोड़ दीं। इसके पश्चात् सूबेदार ध्यान सिंह को 10-12 उपद्रवियों के एक अन्य दल के एक गांव में मौजूद होने का पता चला। यद्यपि उनका राशन समाप्त हो गया था, फिर भी उन्होंने उसका इन्तजार किए बिना स्थिति से फायदा उठाने का निश्चय किया। 13/14 सितम्बर 1968 की रात्रि को सड़क से हटकर दूसरे रास्ते से चलकर वे उपद्रवियों के छिपने के स्थान पर पहुंचे और अचानक आक्रमण करके दो उपद्रवियों को मार डाला। इस शीघ्र कार्यवाही से घबरा कर, दूसरे उपद्रवी अपनी राईफलें पीछे छोड़कर भाग खड़े हुए। इस कार्यवाही में .303 की दस रायफलें बरामद हुईं। दुबारा 1 अक्तूबर 1968 को उन्होंने एक कालम का नेतृत्व किया और .303 की एक राईफल बरामद करने में सफल हुए। इसके बाद उन्होंने एक छिपे हुए स्थान से काफी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया।

पूरी कार्यवाही में सूबेदार ध्यान सिंह ने उत्कृष्ट वीरता तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

3. 16525 नायक टेक बहादुर छेत्री,
आसाम राइफल्स। **मरणोपरान्त**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-29 सितम्बर 1968)

29 सितम्बर 1968 को नायक टेक बहादुर छेत्री को मीजो पहाड़ियों में एक गांव के बाहरी क्षेत्र में खोज करने का कार्य सौंपा गया। गांव पहुंचने पर उन्होंने लगभग 30 गज की दूरी पर हथियारों से लैस 5 उपद्रवियों को देखा। उन्होंने महसूस किया कि यदि उन्होंने सेक्शन के आने और उसकी तैनाती के इंतजार में जरा-सा भी वक्त गंवाया तो न केवल उपद्रवियों को भागने का मौका मिल जाएगा, बल्कि वे सचेत भी हो जाएंगे। इसलिए उन्होंने अपनी स्टेनगन से उन पर हमला किया और उनमें से दो को घायल कर दिया। दुर्भाग्यवश दो-एक गोली चलने के बाद उनकी स्टेनगन रुक गई। क्योंकि इस समय तक वे उपद्रवियों के बिल्कुल नजदीक पहुंच चुके थे, वे एक राइफल संभाले हुए उपद्रवी पर झपटे। इस हाथापाई में नायक छेत्री ने उस उपद्रवी से राईफल छीन ली, परन्तु इससे पहले कि वे वे उसे इस्तेमाल कर पाते, एक उपद्रवी ने स्टेनगन से उनकी छाती पर गोली दाग दी जिससे उसी जगह उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में नायक टेक बहादुर छेत्री ने उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया।

सं० 65-प्रेज/69—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिए शौर्य चक्र प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री शिवदयाल चौबे,
ड्राइवर, मध्य प्रदेश राजकीय राज्य परिवहन निगम, सागर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 जनवरी 1968)

7 जनवरी 1968 की रात्रि को श्री शिवदयाल चौबे मध्य प्रदेश राजकीय राज्य परिवहन निगम की बस को टीकमगढ़ से सागर ला रहे थे। बस में दूसरे मुसाफिरों के अलावा सुनार तथा व्यापारी भी थे जो कि गांव पैंठ से सागर को लौट रहे थे और उनके पास सोने तथा चांदी के जेवरात थे। रास्ते में 6 डाकुओं के एक दल ने बस रोकने के लिए गोली चलाई। श्री शिवदयाल चौबे की गर्दन में बाईं तरफ, छाती तथा कन्धे पर गोलियां लगीं। जरा भी डरे बिना उन्होंने फौरन मुसाफिरों को गाड़ी के फर्श पर सपाट लेटने को कहा, तथा जब डाकू अपनी बन्दूकों को दुबारा भरने में व्यस्त थे, तब वे गाड़ी को भगा कर वहां से करीब 7 मील की दूरी पर बांदरी पुलिस स्टेशन ले गए और उसके बाद बेहोश हो गए। उनको फौरन अस्पताल पहुंचाया गया जहां वे स्वस्थ हो गए। उनकी वीरता के फलस्वरूप 47 मुसाफिरों की जान और माल की रक्षा हो सकी।

2. 6442364 लांस नायक (ड्राइवर) प्रेम राम,
आर्मी मैडीकल कोर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 अगस्त 1968)

5 अगस्त 1968 को लांस नायक प्रेम राम अपनी वार्षिक छुट्टी बिता कर, यू० पी० रोडवेज की एक बस से लौट रहे थे। गाड़ी में कल-पुर्जों की खराबी के कारण ड्राइवर गाड़ी को नहीं संभाल पाया और गाड़ी 20 मुसाफिरों सहित 500 फुट नीचे खड्ड में जा गिरी जिसके फलस्वरूप 8 आदमी मर गए, तथा लांस नायक प्रेम राम सहित दूसरे तमाम मुसाफिर घायल हो गए। अपने कष्ट की परवाह किए बिना उन्होंने 12 घायलों को खड्ड से निकाला, और उन्हें पास की डाक्टरी सहायता चौकी पर पहुंचाने का इंतजाम होने तक, कामचलाऊ मरहम-पट्टी से उनकी प्राथमिक चिकित्सा की।

इस कार्यवाही में लांस नायक प्रेम राम ने वीरता तथा पहल का परिचय दिया।

3. 64188 राईफलमैन जगत बहादुर छेत्री,
आसाम राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 अक्तूबर 1968)

31 अक्तूबर 1968 को राईफलमैन जगत बहादुर छेत्री उस गश्ती दस्ते में थे जिसका नेतृत्व कप्तान जस राम सिंह मीजो पहाड़ियों में कर रहे थे। जब गश्ती दल एक गांव की ओर जा रहा था तो हथियारों से लैस लगभग 50 उपद्रवियों ने एक ऊंची जगह से गश्ती दल पर दाईं तथा बाईं दोनों ओर से हल्की मशीन-गनों और छोटे हथियारों से गोलाबारी की। जब गश्ती दल के कमांडर ने उपद्रवियों की स्थितियों पर आक्रमण करने का आदेश दिया तो राईफलमैन जगत बहादुर छेत्री प्रहार-पंक्ति से आगे हल्की मशीन-गन की तरफ बढ़े जो कि बायें तरह से फायर कर रही थी तथा हल्की मशीन-गन को चलाने वाले उपद्रवी को मार गिराया, मशीन-गन को अपने कब्जे में किया और इस प्रकार अपनी प्रहार-पंक्ति को निकट आने दिया। इस मुठभेड़ में उन्होंने राईफलों सहित 2 घायल उपद्रवियों को बंदी बनाया तथा काफी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी अपने कब्जे में किया।

इस संक्रिया में राईफलमैन जगत बहादुर छेत्री ने वीरता तथा दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

4. 64245 राईफलमैन भीम प्रसाद जैशी,
आसाम राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 अक्तूबर 1968)

31 अक्तूबर 1968 को राईफलमैन भीम प्रसाद जैशी उस गश्ती दल में थे जिसका नेतृत्व कप्तान जस राम सिंह मीजो पहाड़ियों में कर रहे थे। जब गश्ती दल एक गांव की ओर जा रहा था तो हथियारों से लैस लगभग 50 उपद्रवियों ने एक ऊंचे स्थान से दाईं तथा बाईं दोनों ओर से गश्ती दल पर हल्की मशीन-गनों और छोटे हथियारों से गोलाबारी की। आक्रमण के लिए आदेश देते हुए गश्ती दल के कमांडर ने राईफलमैन भीम प्रसाद जैशी को उपद्रवियों की दाईं तरफ की हल्की मशीन-गन को शान्त करने को कहा। राईफलमैन जैशी उपद्रवी की स्थिति की ओर बढ़े और हल्की मशीन-गन चलाने वाले उपद्रवी को मार डाला तथा मशीन-गन को अपने कब्जे में कर लिया। उन्होंने दो अन्य उपद्रवियों को भी घायल किया। इस मुठभेड़ में काफी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद हाथ आया।

इस कार्यवाही में राईफलमन भीम प्रसाद जैशी ने वीरता तथा दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

सं० 66-प्रेज/69—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को साहस के लिये 'सेना मेडल' "आर्मी मैडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1. कप्तान जाय जार्ज (आई० सी० 18822),
गोरखा राईफल्स

अगस्त 1966 में कप्तान जाय जार्ज ने मीजो जिले में आसाम राईफल्स की एक बटालियन में सेवा आरम्भ की । तब से लेकर उन्होंने उपद्रवियों के विरुद्ध अनेक कार्रवाइयों का नेतृत्व किया । 12 अवसरों पर उन्होंने बहुत से हथियार तथा गोलाबारूद अपने कब्जे में करने के अलावा ऐसे दस्तावेज भी बरामद किये जिनमें बहुत महत्व की जानकारी थी । इन मुठभेड़ों के दौरान बहुत से उपद्रवी हताहत भी हुए ।

कप्तान जाय जार्ज ने सदैव साहस, नेतृत्व तथा उच्च-कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. कप्तान राम शीर्ष उपाध्याय (ई० सी०-58390), आर्टिलरी ।

21 अक्तूबर, 1968 को सिक्किम के एक क्षेत्र में एक गन स्थिति के समीप विस्फोट हुआ । जब कप्तान राम शीर्ष उपाध्याय विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिये विस्फोट की जगह गए तो उन्होंने सुरंग-क्षेत्र के अन्दर एक सिपाही को घायल पड़ा देखा जिसकी बांई टांग उड़ गई थी । अच्छी तरह जानते हुए भी कि सुरंगें वर्षा तथा बर्फ के कारण खिसक गई हैं, कप्तान उपाध्याय ने अपने साथियों को अपने पीछे आने का आदेश दिया तथा सुरंग-क्षेत्र में करीब 20 गज तक चलने के बाद वे घायल सिपाही को सुरंग-क्षेत्र से निकालने में सफल हुए ।

इस कार्यवाही में कप्तान राम शीर्ष उपाध्याय ने साहस तथा पहल का परिचय दिया ।

3. कप्तान डी० बी० राय,
आसाम राईफल्स

28 फरवरी, 1966 को मीजो राष्ट्रीय मोर्चे के सदस्यों ने आसाम राईफल्स, सीमा सुरक्षा दल तथा राज्य पुलिस की बाह्य चौकियों पर अचानक आक्रमण कर दिया तथा ऐंजल नगर को जाने वाली तमाम सड़कों को बन्द कर दिया । सिविल अधिकारियों के सभी उपायों के बावजूद, 2 मार्च, 1966 को दोपहर के बाद स्थिति बहुत तनावपूर्ण हो गई । लगभग 1000 सिविल अधिकारियों, भूतपूर्व सैनिकों, व्यापारियों और उनके परिवारों ने 6 दिन से भी अधिक आसाम राईफल्स की चौहद्दी में शरण ली । उपद्रवियों ने आसाम राईफल्स को उनके गैरिजन में घर दबोचने के लिये बेहतर स्थितियों से गोली बारी आरम्भ कर दी और उस क्षेत्र में कुमुक पहुंचाना कठिन कर दिया । कप्तान डी० बी० राय ने आसाम राईफल्स की एक बटालियन के ऐडजुटेंट की हैसियत से अपनी जिम्मेदारियों को साहस, दृढ़ निश्चय तथा धैर्य के साथ निभाया । उपद्रवियों की भारी गोलाबारी के बावजूद वे अपने जवानों का नेतृत्व करके गैरिजन में रहने वाले बहुत से लोगों के लिये बाहर से पानी लाये । 4 मार्च, 1966 को उन्होंने अपने को भारी जोखिम में डालकर एक अनुरक्षी दल का साहस के साथ नेतृत्व किया और पुलिस के हथियारों, गोला बारूद के भंडार, दस्तावेज तथा बेतार सैटों को सुरक्षा के लिये पुलिस थाने से गैरिजन क्षेत्र में लाये । 5 मार्च, 1966 को जब उपद्रवियों ने लगातार फायर करके बहुत ज्यादा दबाव डाला तो कप्तान राय उस प्लाटून का नेतृत्व करने के लिये अपने आप आगे आए जिसे खजाने तथा उप आयुक्त के दफ्तर की सुरक्षा के लिये तैनात किया गया था । बाद में, मीजो राष्ट्रीय मोर्चे के बड़े-बड़े नेताओं और स्वयंसेवकों को हिरासत में लेने के लिये ऐंजल नगर के अन्दर और चारों तरफ छापा मारने में भी मुख्य तौर पर उन्हीं का हाथ था ।

पूरी कार्रवाई में कप्तान डी० बी० राय ने उच्च कोटि के साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

4. 3950870 लांस हवलदार भोला दत्त राजपूत, डोगरा

9 जनवरी, 1969 को लांस हवलदार भोला दत्त राजपूत जम्मू तथा काश्मीर क्षेत्र में एक चौकी की खड़ी गश्त का नेतृत्व कर रहे थे । उनके कम्पनी कमांडर ने उन्हें सूचित किया कि उनकी स्थिति से लगभग 500 गज की दूरी पर कुछ सन्देहास्पद हरकत देखी गई है । उन्होंने अपने गश्ती दल को आवश्यकतानुसार तैनात किया और खोज के लिये उस क्षेत्र की ओर चल पड़े । जब लांस हवलदार भोला दत्त राजपूत एक टूटे हुये मकान के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक पाकिस्तानी सिपाही उन पर गोली चलाने की तैयारी कर रहा है । वे अपने शत्रु पर टूट पड़े और हाथापाई के दौरान उनका दायां हाथ गोली लगने से जख्मी हो गया । घायल होने के बावजूद भी उन्होंने पाकिस्तानी सिपाही को दबोच लिया तथा उसकी राईफल छीन ली । पाकिस्तानी सिपाही का चिल्लाना सुनकर पाकिस्तान की हल्की मशीन-गन ने फायर शुरु कर दिया किन्तु लांस हवलदार भोला दत्त राजपूत ने निडर होकर पाकिस्तानी सिपाही पर जो भाग निकलने की कोशिश कर रहा था, फायर किया तथा उसे मार डाला ।

इस मुठभेड़ में लांस हवलदार भोला दत्त राजपूत ने साहस तथा दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

5. 3343448 लांस हवलदार बूटा सिंह, सिख

11 सितम्बर, 1968 को लांस हवलदार बूटा सिंह एक प्लाटून के अग्रिम सेक्शन में कमांडर थे जो मिज़ो पहाड़ियों के क्षेत्र में उपद्रवियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही थी । प्लाटून ऐसे इलाके में से गुजर रही थी जिसमें घने कुहरे के कारण कम दिखाई देता था । इतने में उनका सामना अचानक सशस्त्र उपद्रवियों की एक टोली से हुआ जो उन्हीं की तरफ आ रही थी । इलाका ऊबड़ खाबड़ तथा रास्ता तंग होने के बावजूद भी उन्होंने सेक्शन को बहुत अच्छी तरह सम्भाला और अपने जवानों को भागते हुए उपद्रवियों का पीछा करने की प्रेरणा दी । अपनी जान की परवाह किये बिना उन्होंने तेजी से दुश्मन का पीछा किया और उनसे 5 राईफलें छीन ली ।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार बूटा सिंह ने साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

6. 9406846 राईफलमैन कबीरमान राय, गोरखा राईफल्स

12 अक्तूबर, 1968 को राईफलमैन कबीरमान राय जम्मू तथा काश्मीर में शियोखोरियामला रास्ते पर गश्ती ड्यूटी पर थे । दोपहर के लगभग 12.20 बजे जब गश्ती दल शियोक नदी को पार कर रहा था, तब उसका एक अ-राजाविष्ट अधिकारी फिसलकर अपने हथियारों और उपस्कर सहित नदी में गिर गया और तेज धारा में बह गया । राईफलमैन कबीरमान राय जो कि नदी पार

करने का रस्सा पकड़े हुए थे, किनारे-किनारे दौड़े तथा नदी में कूद कर उसे पकड़ लिया और उसे तब तक पकड़े रखा जब तक कि मदद न आ गई और उन दोनों को बचा न लिया गया ।

इस कार्यवाही में राईफलमैन कबीरमान राय ने उदाहरणीय साहस तथा पहल का परिचय दिया ।

नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रपति के सचिव

योजना आयोग

संकल्प

जनजाति अनुसंधान संस्थानों के लिये अध्ययन दल

नई दिल्ली, दिनांक 11 नवम्बर 1969

सं० यो० आ० सं० क०/31(1)69—योजना आयोग के इसी संख्या के संकल्प दिनांक 18 अक्तूबर, 1969 के सिलसिले में डा० एस० सी० सिन्हा, उपनिदेशक, भारतीय मानव विज्ञान-सर्वेक्षण को जनजाति अनुसन्धान संस्थान अध्ययन दल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाए और सभी संबंधितों को भेजी जाए ।

भैरव दत्त पांडे, सचिव
योजना आयोग ।

वित्त मंत्रालय

(अर्थ विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 13 नवम्बर 1969

सं० एफ० 3 (33) एन० एस०/69—राष्ट्रपति ने भारत सरकार, वित्त मन्त्रालय (अर्थ विभाग) की 19 दिसम्बर 1958 की अधिसूचना संख्या एफ० 3(40)-एन० एस०/58 में प्रकाशित डाकघर बचत बैंक (बढ़ने वाली) वाली सावधिक जमा नियमावली, 1959 में और संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाए हैं अर्थात् :—

(1) इन नियमों को डाकघर बचत बैंक (बढ़ने वाली सावधिक जमा) द्वितीय संशोधन नियमावली 1969 कहा जाए ।

(2) ये नियम पहली मार्च, 1968 से लागू माने जाएंगे।

2. डाकघर बचत बैंक (बढ़ने वाली सावधिक जमा) नियमावली, 1959 के नियम 8-क के उप-नियम (4) में दिए गए इन शब्दों "परन्तु उक्त तारीख के बाद पकने वाले" **के स्थान पर** ये **शब्द, अंक और अक्षर रखे जाएंगे—"परन्तु 22 फरवरी 1969** के बाद पकने वाले"

बी० एस० राजगोपालन, अनुसचिव

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 20 नवम्बर, 1969

सं० 47(2)/69-एस० ई० आई० (बी०)—औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के वातानुकूलन तथा प्रशीतन उद्योग की नामिका का पुनर्गठन करने के बारे में संकल्प संख्या 47(2)/69-एल० ई० आई० (बी०) दिनांक 17 अप्रैल, 1969 जो संकल्प संख्या 47(2) 69-एल० ई० आई० (बी०) दिनांक 23 जून, 1969 तथा सं० 47(2) /69-एल० ई० आई० (बी०) दिनांक 20 सितम्बर, 1969 के द्वारा संशोधित किया गया है उसकी नामिका में तत्काल से निम्नलिखित और आगे परिवर्तन किया गया है ।

(1) संकल्प के क्रम सं० 17 की प्रविष्टि में संघ के तत्कालीन अध्यक्ष, श्री वी० पी० पुंज **के स्थान पर** "अध्यक्ष, अखिल भारतीय वातानुकूलन तथा प्रशीतन संघ (श्री राम डी० मलानी द्वारा मे० बलू स्टार लि०, कस्तूरी बिल्डिंग, जमशेद जी टाटा रोड, बम्बई-1 पद के वर्तमान धारक) **पढ़ा जाए** ।

(2) संकल्प के क्रम सं० 12 में दिए गए नाम "श्री ए० हंटिंगडन, निदेशक मे० यार्क इण्डिया लि० मथुरा रोड फरीदाबाद (हरियाणा)" **के स्थान पर** "श्री वी० पी० पुंज, पुंज हाउस, एम-13, कनाट सर्कस, नई दिल्ली," **पढ़ा जाए** ।

आदेश

आदेश दिया गया कि संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए तथा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

डी० आर० सुन्दरम्, संयुक्त सचिव

सिंचाई व बिजली मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 29 अक्तूबर 1969

इस मन्त्रालय की दिनांक 11 दिसम्बर, 1967 की समसंख्यक अधिसूचना का आंशिक संशोधन करते हुए, यह निर्णय किया गया है कि सलाहकार बोर्ड, व्यास परियोजना को तत्काल ही निम्नलिखित रूप में पुनर्गठित किया जाए —

1.	डा० ए० एन० खोसला	अध्यक्ष
2.	अध्यक्ष, केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग	सदस्य
3.	श्री एम० आर० चोपड़ा उपकुलपति, रुड़की विश्वविद्यालय	सदस्य
4.	श्री एन० जी० के० मूर्ति अध्यक्ष, भाखड़ा प्रबन्धक बोर्ड	सदस्य
5.	श्री पी० एस० भटनागर	सदस्य
6.	श्री के० एल० विज	सदस्य
7.	श्री आर० एस० गिल, अध्यक्ष, पंजाब राज्य बिजली बोर्ड	सदस्य
8.	श्री यादव मोहन प्रशासक, राजस्थान नहर परियोजना	सदस्य
9.	सदस्य (जल-विद्युत), केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग	सदस्य

10. श्री एफ० ए० निकेल . सदस्य

11. श्री जे० बी० कुक . . सदस्य

12. सिंधु जल आयुक्त एवं भारत सरकार के पदेन संयुक्त सचिव . सदस्य

13. श्री एम० एस० बालसुन्दरम, महानिदेशक, भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग . सदस्य

14. श्री पी० एम० माने . सदस्य
भूतपूर्व सदस्य, केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग ।

ओ० पी० चड्ढा, उप-सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 6 नवम्बर 1969

संकल्प

सं० 7/7/61-जी० बी०/एफ० बी० पी०—फरक्का बराज नियन्त्रण बोर्ड की तकनीकी सलाहकार समिति के गठन से संबंधित सिंचाई व बिजली मन्त्रालय के संकल्प संख्या एफ० 7/7/61-जी० बी०, दिनांक 25 अक्तूबर, 1967 के अनुच्छेद 1 में क्रम संख्या 8 के पश्चात निम्नलिखित शब्द जोड़ दिए जाएं:—

"(9) पी० एम० माने (सेवा-निवृत्त सदस्य, केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग) सदस्य

2. अनुच्छेद 1 में वर्तमान (9) से (12) तक की क्रम संख्याओं को (10) से (13) तक की क्रम संख्याओं के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाए ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प राज्य सरकारों, भारत सरकार के मन्त्रालयों, भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक, प्रधान मन्त्री सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, तथा योजना आयोग के पास सूचनार्थ भेज दिया जाए ।

यह आदेश भी दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए और पश्चिम बंगाल सरकार से कहा जाए कि वह आम सूचना के लिए इसे राज्य के राजपत्र में प्रकाशित कर दे ।

एन० सी० सक्सेना, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 18th November 1969

No. 63-Pres./69.—The President is pleased to approve the award of the ASHOKA CHAKRA for most conspicuous bravery to :—

Captain JAS RAM SINGH (EC-53763), Rajput.

(*Effective date of award—30th October*, 1968.)

On the night of the 30th October, 1968 on receiving information that about 50 hostiles armed with Light Machine Guns, Rifles and Sten Guns had moved towards a village in the Mizo Hills, Captain Jas Ram Singh, who was on patrol duty in that area, immediately marched towards that village with two platoons. At about 0430 hours, on approaching the village, his patrol came under heavy hostile fire from a dominating feature simultaneously from the right and left flanks. He made a quick assessment of the situation and personally led the assault and overran the hostile position. In this encounter, Captain Jas Ram Singh displayed most conspicuous gallantry and leadership as a result of which the hostiles, completely unnerved, abandoned their positions leaving behind two dead, six wounded and a large quantity of arms and ammunition. Another three hostiles also surrendered the same day.

No. 64-Pres./69.—The President is pleased to approve the armed gang of hostiles in a village in Mizo Hills, Captain gallantry to :—

1. Captain DINESH PRASAD MATHUR (EC-55123), Guards.

(*Effective date of award—11th July* 1968.)

On the 10th July, 1968 on receipt of information about an armed gang of hostiles in a village in Mizo Hills, Captain Dinesh Prasad Mathur was detailed to take out a column of two platoons to investigate the report. After marching the whole night in extremely inclement weather, they reached the village the next morning, and while making a search, the party was engaged by hostile fire. He immediately ordered one platoon to advance from the left, and himself led a party and put up a frontal attack and killed three hostiles. Despite repeated hostile fire, he rallied his men and charged the hostile position which unnerved the hostiles who fled leaving behind a large quantity of arms, ammunition and equipment.

In this action, Captain Dinesh Prasad Mathur displayed conspicuous gallantry and leadership.

2. JC-17046 Subedar DHIAN SINGH, Sikh Regiment.

(*Effective date of award—3rd September* 1968.)

On the 3rd September 1968, Subedar Dhian Singh was sent on a special mission in command of a paltoon to raid a suspected hostile hideout in Mizo Hills area. On receipt of information *en route* about the presence of hostiles in another area, he moved to that area by a difficult cross country route and after a thorough search, recovered some weapons on the 5th September 1968. He continued across country on the original task but found nothing at the objective. On the 11th September 1968, his patrol unexpectedly came across some hostiles. When his patrol chased the hostiles, they dropped five .303 rifles in order to make good their escape. Subsequently, Subedar Dhian Singh gathered information about another hostile party of 10 to 12 men in a village. Although his rations were exhausted, he did not wait for supplies but decided to take advantage of the situation. By following a cross counry route during the night of 13th/14th September 1968, he reached the hostile hideout and led a sudden assault, killing two hostiles. Unnerved by the swiftness of his action, the other hostiles ran away leaving behind their rifles. In this action, ten .303 rifles were recovered. Again on the 1st October, 1968, he led a column and succeeded in recovering one .303 rifle. Subsequently, he recovered a large quantity of arms and ammunition from a hidden dump.

Throughout, Subedar Dhian Singh displayed conspicuous gallantry and leadership.

3. 16525 Naik TEK BAHADUR CHHETRI, Assam Rifles. (*Posthumous*)

(*Effective date of award—29th September* 1968.)

On the 29th September 1968, Naik Tek Bahadur Chhetri was given the task of searching an area on the outskirts of a village in Mizo Hills. On approaching the village, he detected 5 armed hostiles at a distance of about 30 yards. Realising that an ydelay on his part till the arrival and deployment of his section would not only allow the hostiles to escape but also alert them, he charged the hostiles with his sten gun and wounded two of them. Unfortunately his sten gun stopped after firing a couple of bursts. As by this time, he had reached very near the hostiles, he pounced upon

one of them who was holding a rifle. In a hand-to-hand combat, Naik Chhetri snatched the rifle from the hostile, but before he could use it, he was hit in the chest by a burst of sten gun fire from one of the hostiles and died on the spot.

In this action, Naik Tek Bahadur Chhetri displayed conspicuous gallantry.

No. 65-Pres./69.—The President is pleased to approve the award of the SHAURYA CHAKRA for acts of gallantry to :—

1. Shri SHIVDAYAL CHOUBE,
Driver, Madhya Pradesh State Road Transport Corpoartion, Sagar.

(*Effective date of award—7th January* 1968.)

On the night of 7th January 1968, Shri Shivdayal Choube was driving a bus of Madhya Pradesh State Road Transport Corporation on the route Tikamgarh—Sagar. Among other passengers, the bus was carrying goldsmiths and business men who were returning to Sagar with gold and silver ornaments after attending a market day in a village. On the way, a group of six dacoits fired at the bus to immobilise it. Shri Shivdayal Choube received bullet injuries on the left side of his neck, chest and shoulder. Undeterred, he asked the passengers to lie flat on the floor of the vehicle, and while the dacoits were busy in re-loading their guns, he drove away the vehicle to Bandri Police Station at a distance of 7 miles and then collapsed. He was rushed to hospital where he recovered. As a result of his gallantry, the lives and property of 47 passengers were saved.

2. 6442364 Lance Naik (Driver) PREM RAM,
Army Medical Corps.

(*Effective date of award—5th August* 1968.)

On the 5th August 1968, Lance Naik Prem Ram, who was returning from his annual leave, was travelling by a UP Roadways bus. Due to some mechanical defect, the driver lost control and the vehicle with 20 passengers went down a khud 500 feet deep resulting in the death of 8 persons and injuries to all others including Lance Naik Prem Ram. Disregarding his own suffering, he recovered 12 injured persons from the khud, and rendered first aid with improvised bandages, till arrangements could be made to shift them to the nearest medical aid post.

In this action, Lance Naik Prem Ram displayed gallantry and initiative.

3. 64188 Rifleman JAGAT BAHADUR CHHETRI,
Assam Rifles.

(*Effective date of award—31st October* 1968.)

On the 31st October, 1968, Rifleman Jagat Bahadur Chhetri formed part of a patrol which was led by Captain Jas Ram Singh in Mizo Hills area. While the patrol was approaching a village, about 50 hostiles armed with Light Machine Guns and small arms, opened fire from a high feature on the patrol from right and left flanks. When the patrol commander ordered an assault on the hostile positions, Rifleman Jagat Bahadur Chhetri went ahead of the assault line towards a Light Machine Gun position which was firing from the left flank and killed the hostile manning the LMG, captured it and thus allowed his assault line to close in. In the encounter, he also captured two wounded hostile with rifles, besides a large quantity of arms and ammunition.

In this operation, Rifleman Jagat Bahadur Chhetri displayed gallantry and determination.

4. 64245 Rifleman BHIM PRASAD JAISHI,
Assam Rifles.

(*Effective date of award—31st October* 1968.)

